CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 196 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 28 जनवरी 2025

सैफ के जल्दी ठीक होने के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चोरों ने ट्रांसपोर्ट कार्यालय से कीमती सामान समेत हजारों की उड़ाई

**रुद्रपुर।** अज्ञात चोरों ने गंगापुर रोड पर ट्रांसपोर्ट कार्यालय का ताला तोड़कर वहां से हजारों की नगदी सहित दो कम्प्यूटर, इनवर्टर, दो रसोई गैस सिलेण्डर, एक सोने की झुम्की, 22 हजार नगदी समेत सीसीटीवी कैमरा चोरी कर ले गए। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। ट्रांजिट कैंप के कृष्णा कालोनी निवासी दुर्वेश कुमार पुत्र लीलाधर ने बताया कि वह गंगापुर रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट कार्यालय है और वह ऑफिस में ब्रांच मैनजर के पद पर कार्यरत है। 25 जनवरी को रात्रि करीब 11 बजे उसने ऑफिस बंद कर दिया था। 26 जनवरी को सुबह स्टाफ के कर्मचारी ने फोन कर बताया कि ऑफिस के ताले टूटे हुए है। दुर्वेश ने बताया कि वह ऑफिस पहुंचा तो देखा ऑफिस के गेट के ताले टूटे हुए थे और अंदर सामान इधर उधर बिखरा हुआ था।

### नैनीताल से 38वें नेशनल गेम्स में ताइक्वांडो के दस खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग करेंगे

**नैनीताल।** जिला नैनीताल से 38वें नेशनल गेम्स में जिला नैनीताल के ताइक्वांडो के दस खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। बता दें 53 किलो भार वर्ग में लतिका भंडारी, ओवर 73 किलों रितिका जोशी व सोनिया पांडे एकल पूमसे में गीतांजलि चंद ,किरन ,सरिता ग्रुप पूमसे चित्रांग बिष्ट, पेयर पूमसे ध्रुव कार्की,नीतेश सिंह 63 किलो भार वर्ग तथा भूमिका जंतवाल 62 किलो भार वर्ग मे प्रतिभाग कर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे जबकि 38वें राष्ट्रीय खेलों में जिला नैनीताल की ज्योति दुर्गापाल तकनीकी ऑफि सयल के रूप मे प्रतिभाग करेंगी,खिलाडियों एवं आफि सियल के चयन पर जिलाध्यक्ष चंद्र विजय सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष हरीश नयाल, सचिव सुनील सिंह थापा, कोच कमलेश तिवारी, संदीप थापा,शुभम डसीला, रोहित प्रसाद,राजेन्द्र मेहरा, संजय टम्टा, समीर कुमार, विनोद सिंह, विश्वकेतु और समस्त खेल प्रेमियों द्वारा खुशी व्यक्त की है।

# मौनी अमावस्या स्नान से पहले अब तक 15 करोड़ ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज**
एजेंसी

मौनी अमावस्या का महास्नान बुधवार को है, लेकिन दो दिन पहले ही स्नान के लिए भारी भीड़ उमड़ी। मौनी अमावस्या के पहले ही अनुमान से ज्यादा भीड़ आ जाने के चलते प्रयागराज जंक्शन पर तय समय के पहले ही वनवे लागू कर दिया गया है। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। संगम जाने वाले सभी मार्ग भीड़ से पट गए हैं। मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई है कि पैदल चलने वाले भी रेंग रहे हैं। वह पैर तक पूरी तरह आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग



के साथ शास्त्री ब्रिज, नाग वासुकि रोड, झूंसी रोड सभी मार्गों पर भयंकर भीड़ संगम की ओर बढ़ रही है। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। वाराणसी से प्रयागराज आने वाले सभी प्रकार के वाहनों को अंदावां रिंग रोड के पास ही रोक दिया जा रहा है। इसी तरह कानपुर से आने वालों को नेहरू पार्क और लखनऊ, प्रतापगढ़ और गोरखपुर से आने वाले वाहनों को शांतिपुरम से पहले ही रोक दिया जा रहा है। बड़े वाहनों के साथ ही दोपहिया वाहनों को भी शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। सिविल लाइंस सुभाष चौराहा, रोडवेज चौराहा के बाद मेडिकल चौराहा, सीएमपी डॉट पुल के सामने बैरिकेडिंग की गई है। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। संगम जाने वाले सभी मार्ग भीड़ से पट गए हैं। मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी बढ़ गई है कि पैदल चलने वाले भी रेंग रहे हैं। वह पैर तक पूरी तरह आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग के साथ शास्त्री ब्रिज, नाग वासुकि रोड, झूंसी रोड सभी मार्गों पर भयंकर भीड़ संगम की ओर बढ़ रही है। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

बड़े वाहनों को शहर के बाहर रोक दिया गया है। 13 जनवरी पौष पूर्णिमा से लेकर मौनी अमावस्या के एक दिन पहले 28 जनवरी तक 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। स्थिति यह है कि मंगलवार को दोपहर 12 बजे तक करीब एक करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

पार्टी की ओर से जारी नोटिस का जवाब नहीं दिया था

# कांग्रेस नेता पार्टी से निष्कासित जाति विशेष पर की थी अपमानजनक टिप्पणी



**गदरपुर**
हमारे संवाददाता

गदरपुर में निकाय चुनाव में मतदान के दौरान एक जाति विशेष के खिलाफ दिए अपमानजनक बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी के पति पर गाज गिर गई है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अनिल को छह साल के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

गदरपुर में निकाय चुनाव में मतदान के दौरान एक जाति विशेष के खिलाफ दिए अपमानजनक बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी के पति पर गाज गिर गई है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने अनिल को छह साल के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। अनिल ने पार्टी की ओर से जारी नोटिस का जवाब नहीं दिया था।

पहले चुनाव में जनता की अदालत में पत्नी की हार और अब अपमानजनक बयान पर अनिल को पार्टी ने करारा झटका दिया है। दरअसल, बृहस्पतिवार को गदरपुर में एक मतदान केंद्र पर हुए विवाद के दौरान कांग्रेस नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रा जोशी के पति अनिल सिंह ने खत्री समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जैसे ही अनिल की टिप्पणी का वीडियो वायरल हुआ तो समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। खुद कांग्रेस नेता भी अनिल की टिप्पणी से अवाक रह गए और पार्टी बैकफुट पर आ गई थी। टिप्पणी से आहत समाज के लोगों ने अनिल पर कार्रवाई की मांग की थी।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने मामले को गंभीरता से लेकर अनिल को 24 जनवरी को नोटिस जारी कर 24 घंटे में लिखित स्पष्टीकरण सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। नोटिस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर पार्टी की सदस्यता से निष्कासित करने की चेतावनी दी गई थी।

# वाल्मीकि मंदिर में राहुल गांधी ने की पूजा

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी वायदों का पिटारा खोल दिया है। अभी कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी नहीं हुआ है। अरविंद केजरीवाल ने अपने घोषणा पत्र में दिल्ली वालों को 15 गारंटियां दी हैं।

अरविंद केजरीवाल के बयान पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हरियाणा सरकार पर जो आज आरोप लगाए गए हैं। अरविंद केजरीवाल आज भूल गए हैं कि वह हरियाणा में जन्मे हैं। उन्होंने उसी जमीन पर जन्म लिया है। चुनाव लोगों को धमकी देकर नहीं जीता जाता है। उन्होंने यमुना को साफ नहीं किया है। गंदा पानी दिया है। उन्होंने झूठ और भ्रष्टाचार को छुपाया है और वो हरियाणा सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटपड़गंज और ओखला विधानसभा में रोड शो करेंगे। वाल्मीकि मंदिर में पूजा करने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में लोगों से बातचीत की है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव अरविंद केजरीवाल के साथ रोड शो करेंगे। 30 जनवरी को रिठाला विधानसभा में केजरीवाल और अखिलेश यादव का रोड शो है। अखिलेश यादव के साथ साथ कई सपा सांसद भी आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करते दिखाई देंगे। जानकारी के लिए बता दें कि कैराना से सांसद इकरा हसन भी आप के लिए प्रचार करेंगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने चिट्ठी में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एलान करें कि किसी भी अमीर आदमी का लोन माफ नहीं होगा। माफ करना है तो किसानों के लोन, मिडिल क्लास के होम लोन माफ करो। इस पैसे से मिडिल का बहुत फायदा होगा।

मैंने हिसाब लगाया है कि अगर लोन माफ न किया जाए तो टैक्स की दरें आधी हो जाएंगी। 12 लाख सालाना कमाने वाला व्यक्ति अपना वेतन टैक्स में देता है। ये मिडिल क्लास का दुख है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों की आज रैली है। तो वहीं अमित शाह, अरविंद केजरीवाल, राहुल गांधी और सीएम योगी भी रैली को संबोधित करेंगे।

# सामान के रुपए मांगने दबंग ने अपने साथियों से मिल दुकानदार पर हमला किया,हायर सेंटर रेफर

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

उधार दिये गये सामान के पैसे मांगने पर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर दुकानदार पर हमला कर दिया। हमले में व्यापारी गंभीर घायल हो गया उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी चिकित्सालय भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में हरीश कुमार पुत्र स्व- सुरेश पाल सिंह निवासी गंगापुर रोड ने बताया कि 24 जनवरी की सायं लगभग 4-30 बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद था, तभी राहुल कक्कड़ दुकान के अन्दर घुस गया और गाली गलौच करते हुए मार-पीट शुरू कर दी। आरोप है कि राहुल कक्कड़ ने सिर पर ईंट से हमला किया, जिससे सिर पर खुली व गम्भीर चोटें आयी हैं। राहुल कक्कड़ के साथ उसके साथ अन्य दो व्यक्ति भी मौजूद थे, उन्होंने भी मारपीट की। घायल होने पर उसे जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया, लेकिन चोट गम्भीर होने की वजह से मुझे सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, हल्द्वानी में रैफर करना पड़ा। पीड़ित ने बताया कि राहुल कक्कड़ ने उसकी दुकान से उधार सामान क्रय किया था। घटना से पहले उधार दिये सामान के पैसे मांगने वह उसकी दुकान गया था, लेकिन उस समय वह, वहां पर मौजूद नहीं था। कुछ देर बाद राहुल कक्कड़ ने दुकान पर आकर हमला कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी के तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए देना होगा 10 गुना शुल्क

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

यूसीसी में विभिन्न सेवाओं के लिए शुल्क अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। इनमें जानकारी लेने से लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त करने में भी शुल्क निर्धारित हैं।

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता(यूसीसी) लागू हो चुका है। अब अगर कोई तत्काल में विवाह का रजिस्ट्रेशन कराता है तो उसे सामान्य रजिस्ट्रेशन से 10 गुना अधिक शुल्क अदा करना होगा। 2500 रुपये देकर तीन दिन के भीतर विवाह का रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। जबकि, सामान्य में यह शुल्क 250 रुपये होगी। जहां तक लिव-इन की बात है तो इसके रजिस्ट्रेशन और खत्म करने में शुल्क



सामान्य रजिस्ट्रेशन से दोगुना होगा। हालांकि, जुर्माने को अभी उजागर नहीं किया गया है। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को उनके विवाह के रजिस्ट्रेशन का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके अलावा पांच अन्य लोगों जिन्होंने पहले रजिस्ट्रेशन कराया है उन्हें भी सर्टिफिकेट दिए गए। इनमें निकिता नेगी रावत, मनोज रावत, अंजना रावत, मीनाक्षी और अंजली शामिल हैं। यूसीसी के डैशबोर्ड पर अब तक नौ विवाह के पंजीकरण दर्शाए जा रहे हैं। हालांकि, अभी अन्य सेवाओं के रजिस्ट्रेशन किसी ने नहीं कराए हैं। यूसीसी में उन लोगों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की है जहां पर बहुविवाह मान्य थे। ऐसे में यूसीसी लागू होने से पहले यदि किसी व्यक्ति की मान्य एक से अधिक शादियां हैं तो इसके लिए उसे हर शादी का विवरण देना होगा। बशर्ते ये सब शादियां मान्य हों। ऐसे में सभी शादियां का रजिस्ट्रेशन भी हो सकता है।

# वाद विवाद एवं निबन्ध प्रतियोगिता में रुद्रपुर प्रथम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

न्यायाधीश केशव चन्द्र धूलिया द्वितीय वाद विवाद एवं निबन्ध प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबंध चाणक्य लॉ कालेज रूद्रपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित की गई थी जिसमें कॉलेज की छात्रा अदीबा अंसारी सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुनी गयी। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के आठ संस्थानों के 56 विधि छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह इंद्रा गांधी राष्टीय वन अकादमी देहरादून में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि अकादमी के निदेशक आईएफएस डा. जगमोहन शर्मा रहे । वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्थान के विद्याथियों अदीबा अंसारी और प्रथम अवस्थी को 30 हजार रूपयें का नगद पुरस्कार और विजेता ट्रॉफी प्रदान की गयी। सर्वश्रेष्ठ वक्ता के पुरस्कार के रूप में अदीबा अंसारी को 10 हजार रूपये नगद पुरुस्कार दिए गए ।



इस दौरान संस्थान के चेयरमैन एसपी सिंह ने कहा गया कि छात्रों की इस उपलब्धि ने संस्थान का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। वहीं प्रबन्ध निदेशक रविन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा गया कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में छात्रो को प्रतिभाग करने का अवसर संस्थान द्वारा दिया जाता रहेगा। इस अवसर पर प्राचार्या डा.दीपाक्षी जोशी द्वारा कहा गया इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए छात्रो द्वारा जो कड़ी मेहनत की गयी वह सराहनीय है।

इस अवसर पर प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार, आईशा आमीन, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, अरविंद सिंह, डा. हरकमल कौर, उपासना तिवारी, डा. रूबीना, डा. निशा कमलेश अवस्थी,अनुज सिंकदर, मनोज आर्या, दीपक गोस्वामी, रामसेवक सिंह समेत कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविधालय शिक्षक संघ यूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, महासचिव डॉ.विजय कुमार, प्रो. नीलू ,डॉ. दीपक कुमार , प्रो.अनिल बिष्ट ,डॉ. संतोष कुमार ,डॉ. पैनी जोशी ,डॉ. दीपिका गोस्वामी ,डॉ. उमंग सैनी, डॉ.सीमा चौहान ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## NEWS / फटाफट

### न्यायालय परिसर में प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम

**नैनीताल** । जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा जिला फूड सेफ्टी विभाग के सहयोग से न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगण/अधिवक्तागण व कर्मीगण हेतु प्रशिक्षण /जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला फूड सेफ्टी विभाग से डीओ संजय कुमार द्वारा प्रतिभागियों को जागरूक किया किया गया कि किस प्रकार से फूड हमारे सेहत पर प्रभाव डालता है किस प्रकार की डाइट को आईसीसीएमआर द्वारा प्रमाणित किया गया है,कौन से आहार भोजन में शामिल करने चाहिए और किस तरह के पदार्थों से बचना चाहिए। कार्यक्रम में एडल्ट्रेशन एसिब्राडिंग आदि विषय व फूड लोगों व फोर्टीफाइड एवं ऑर्गेनिक डाइट बाजार में समान खरीदते समय किन बातों पर ध्यान देने है,लेबल पर क्या पढना है व किन बातों का विशेष ध्यान रखना है,कब मामले की रिपोर्टिंग करनी है,कैसे करनी है, घर पर खाना बनाने में किन बातों पर ध्यान देना है,होटल में खाना खाने समय किन बातों पर ध्यान देना होगा आदि विषयों पर विस्तारित जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश विक्रम, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा कुशवाहा, सिविल जज जूनियर डिविजन तनुजा. एडीजीसी सुशील कुमार, सीएलएडीसी सोहन तिवारी समेत अन्य अधिवक्तागण व कर्मीगण एवं पीएलवी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने हर्षित अच्छी वीडियो बनाने पर किया सम्मानित

**नैनीताल**। जिले के रामगढ़ ब्लाक के ग्राम हरतौला के रहने वाले हर्षित जोशी पुत्र जगदीश चंद्र जोशी जो कि वर्तमान में कक्षा 10 में हायर सेकेंडरी हाई स्कूल विद्यालय हरतौला में अध्यनरत हैं द्वारा मतदाताओं के विषय में अच्छा वीडियो बनाने के लिए उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा देहरादून में सम्मानित किया। बता दें कि हर्षित के पिता लघु कश्तकार हैं। हर्षित को मिली कामयाबी पर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा समेत हर्षित के गुरुजनों,परिजनों समेत उनके शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर कर उन्हें बधाई दी है।

### गणतंत्र दिवस कुमाऊंनी देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए

**नैनीताल**। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा नैनीताल के डीएसए मैदान में गणतंत्र दिवस के विशेष मौके पर कुमाऊंनी देश भक्ति गीत भारत मुकुट हिमालय... प्रस्तुत किया गया। बिष्ट के मुताबिक यह गीत उन्होंने अपने ताऊ द्वाराहाट के कूना गांव के अमर शहीद सिपाही नंबर 4147093 वीर सैनिक नंदन सिंह बिष्ट के ऊपर तैयार किया था जिन्होंने वर्ष 1962 में विवाह के तीसरे दिन ही भारत चीन युद्ध में शामिल होकर अपने प्राण चढ़ाएं। उनके द्वारा देश के अमर शहीदों को शत-शत नमन कर देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए पावन पुनीत अवसर पर राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गीत को सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रधानाचार्या कर्नल डा0 स्मिता मिश्रा के हाथों भारत मुकुट हिमालय नामक गीत राष्ट्र को समर्पित किया गया था । इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली पर्व हमारे महान संविधान, लोकतांत्रिक परंपराओं और देश के अमर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। हम सभी हमारे संविधान द्वारा प्रदत्त कर्तव्यों के पालन हेतु संकल्पित हों। इस अवसर पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी ने भी गीत की सराहना की।

### चुनाव में मात्र तीन वोटों से हारने पर आरोप लगाया

**नैनीताल**। भवाली में भाजपा के पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी प्रकाश आर्य ने निकाय चुनाव में मात्र तीन वोटों से हारने के बाद पार्टी के भीतर घातक व गंदा माहौल बनाने का आरोप लगाया है। प्रेस को जारी बयान में आर्य ने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर साथ मिलने के बावजूद पार्टी के अंदर ही उनके खिलाफ साजिश की गई जिसके कारण उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। कहा जिन कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उनका साथ दिया उनके खिलाफ माहौल बनाकर उन्हें चुनाव से अलग कर दिया गया, टिकट नहीं मिलने पर उनके खिलाफ साजिशें की गईं और स्वयं अपनी दावेदारी पेश कर उन्हें कमजोर किया गया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से अपील कर ऐसे कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही की बात कही जो पार्टी की एकता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कहा कि कुछ लोगों ने जानबूझकर पार्टी को मजबूत बूथों पर नुकसान पहुंचाया ऐसे लोग नहीं चाहते थे कि वे चुनाव में जीत दर्ज करें। कहा कि पार्टी में ऐसे तत्व सक्रिय रहे हैं जिन्होंने शुरू से ही उनके खिलाफ माहौल तैयार किया और उन्हें चुनावी संघर्ष में हार की ओर धकेल दिया।



# श्री मां नयना देवी मंदिर सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मानसखंड योजना के तहत चल रहे श्री मां नयना देवी मंदिर सौंदर्यीकरण के विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंत पार्क में निर्माणाधीन गेट का जायजा लिया और पंत पार्क मार्ग के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों में तेजी लाएं और प्रगति को सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से सौंदर्यीकरण कार्यों को सही ढंग से पूरा करने की बात कही ताकि परियोजना का उद्देश्यों के अनुरूप कार्य सम्पन्न हो सके और शहर की छवि में सुधार हो। नियंत्रण एवं निगरानी को लेकर डीएम वंदना सिंह ने अधिकारियों को सभी कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया और निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अपरजिलाधिकारी पिंचाराम संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, एसडीएम प्रमोद कुमार, ईई रत्नेश सक्सेना, तहसीलदार मनीषा मकराना,पालिका के ईओ विनोद गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# डॉ. आशुतोष शर्मा को नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में पद्मश्री सम्मान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. आशुतोष शर्मा को नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित पद्मश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। बता दें कि डॉ. शर्मा एक प्रख्यात शिक्षाविद् और वैज्ञानिक हैं जो नैनोस्केल प्रणालियों के व्यवहार को समझने में अपने अग्रणी शोध कार्यों के लिए जाने जाते हैं।

उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पहले भी शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और इंफोसिस पुरस्कार सहित 20 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। प्रो. शर्मा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में चेयर प्रोफेसर और सीवी शेषाद्री चेयर प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वह डीएसटी थीमैटिक यूनिट ऑफ एक्सीलेंस के संस्थापक समन्वयक हैं और आईआईटी कानपुर में पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग केंद्र के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनका शोधकार्य सॉफ्ट नैनोफ इब्रिकेशन, नैनोमटीरियल्स और



नैनोस्कोपिक सिस्टम्स पर केंद्रित है जो विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नई दिशाएँ प्रदान करता है। कुमाऊँ विश्वविधालय के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. शर्मा को पद्मश्री सम्मान दिए जाने की घोषणा से कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. आशुतोष शर्मा की यह उपलब्धि न केवल नैनोसाइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत के योगदान को मान्यता प्रदान करती है बल्कि युवा शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए प्रेरणादायी भी है। उन्होंने कहा कि डॉ. आशुतोष शर्मा जैसी महान शख्सियत का हमारे विश्वविद्यालय से जुड़ाव, हमारे लिए गौरव का विषय है। डॉ शर्मा ने कुमाऊं विश्व विद्यालय में 2024 में अपने व्याख्यानों से कुमाऊं विश्वविधालय के विद्यार्थी को प्रेरित भी किया तथा कुमाऊं विश्वविद्यालयों का भ्रमण भी किया । विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो.ललित तिवारी ने भी प्रो. आशुतोष शर्मा को पद्मश्री मिलने पर खुशी व्यक्त की है तथा उन्हें बधाई दी है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# पायलट बाबा की संपत्ति को खुर्द बुर्द करने की साजिश रचने का आरोप लगाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल नेहा कुशवाहा की अदालत ने पायलट बाबा की गेठिया व अन्य जगहों पर स्थित सम्पत्ति को खुर्द बुर्द करने की साजिश करने के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश तल्लीताल थाने को दिए हैं । इस मामले में स्व.पायलट बाबा के शिष्य स्वामी मंगल गिरी ने तल्लीताल थाने में व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को शिकायती पत्र दिया था । लेकिन पुलिस ने इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं किया ।

स्वामी मंगलगिरी ने अपनी शिकायती पत्र में करीब 14 लोगों पर पायलट बाबा की संपत्ति को खुर्द बुर्द करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है । जिसमे महायोगी पायलट बाबा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल रिसर्च ग्राम गेठिया के नाम पर कूटरचित दस्तावेज बनाने व महायोगी फाउंडेशन में आरोपियों द्वारा कब्जा करने का प्रयास भी शामिल है ।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कोतवाली/थाना तल्लीताल के थानाध्यक्ष को आदेश दिया है कि वह प्रार्थी के प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 175 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रकाश में अविलम्ब प्रथम सूचना रिर्पोट पंजीकृत करें।

कोर्ट ने कहा है कि मामले में घटना स्थल उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों से भी सम्बन्धित होना प्रतीत होता हैं। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल प्रस्तुत प्रकरण में जॉच हेतु अविलम्ब सक्षम पुलिस अधिकारियों की टीम का गठन कर मामले में विवेचना कराएं । ताकि जांच का भार मात्र एक पुलिस अधिकारी पर न रहे तथा विवेचना समय अन्दर हो और मामले के सही तथ्य उजागर हो सके। कोर्ट ने याची को इस मामले में पुलिस

# ब्यूटी कल्चर एवं हेल्थ केयर प्रशिक्षण प्रारंभ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल द्वारा उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम के सहयोग से ऐशडेल इंटर कालेज सूखाताल में अल्पसंख्यक महिलाओं हेतु तीन माह का ब्यूटी कल्चर एवं हेल्थ केयर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

इससे पूर्व प्रशिक्षण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दर्मवाल व संस्थाध्यक्ष शैलजा सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि दर्मवाल ने कहा कि आज के समय में ब्यूटी पार्लर का बहुत अधिक महत्व है, इस क्षेत्र में रोजगार की अधिक संभावनाएं है,कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं/ युवतियां आत्मनिर्भर बनने के साथ साथ स्वरोजगार भी अपना सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं




सौंदर्य शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ के प्रति भी जागरूक होगी क्योंकि सौंदर्य एवं स्वास्थ दोनों एक दूसरे से संबंधित है। आज समय की मांग है कि महिलाएं आत्म निर्भर बने, ब्यूटी कल्चर एवं हेल्थ केयर प्रशिक्षण महिलाओं व युवतियों के लिए अच्छा अवसर हैं। संस्थाध्यक्ष शैलजा सक्सेना ने कहा कि प्रशिक्षण तीन माह तक संचालित किया जाएगा,इसलिए सभी प्रशिक्षणार्थी अच्छी तरह से प्रशिक्षण में प्राप्त करें। कार्यक्रम में प्रशिक्षिका प्रियंका रावत, रेनू, रजनी, ऊषा आर्या के अतिरिक्त साहिबा,स्वलेहा, रहीसा,रुखसाना, फ ौजिया,आबिदा, निशा तथा सिमरन आदि प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# अभिमत

## राजनीतिक पतन

*राजनीति के क्षेत्र से युवाओं के विमुख होने का सबसे बड़ा कारण वृद्ध नेताओं द्वारा अपनी संतान को विरासत के रूप में राजनीति सौंपना रहा है। अनेक नेताओं की तीसरी और चौथी पीढ़ी विधानसभा व संसद में पहुंची है, जबकि नेताओं की संतान का जनहित और राष्ट्रहित में कोई योगदान तथा अनुभव नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने पीढ़ीगत राजनीति खत्म करने की बात कही है। चुनाव में टिकट बड़े नेताओं के परिवार वालों को देने पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी गैर राजनीतिक परिवार के युवाओं को राजनीति में लाना चाहते हैं।*

मूल्यों का ह्रास अनेक क्षेत्र में हुआ है। उतार-चढ़ाव और परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन किसी भी क्षेत्र में मूल्यों का पतन चिंताजनक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पॉडकास्ट में युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी दूरदृष्टि और विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि प्रतिभावान, योग्य तथा देश के लिए समर्पित युवाओं का राजनीति से मोहभंग हो गया है, परन्तु परोक्ष रूप से स्वीकार किया है। विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव के प्रति छात्र-छात्राओं में नीरसता देखी जा रही है। एनएसयूआई और अभाविप जैसे संगठनों को प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विद्यार्थी इंजीनियर, डाक्टर, चार्टर्ड एकाउंटेंट आदि रोजगारपरक उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा देकर भविष्य के प्रति गंभीर रुख अपनाते हैं। राजनीति के क्षेत्र में भविष्य के लिए प्रयास नहीं करते हैं। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में पढ़ने वाले सरकारी सेवा की प्रतियोगिता की तैयारी करते हैं। छात्र संघ चुनाव में हिस्सा लेकर राजनीतिक क्षेत्र की बुनियाद तैयार करने वाले छात्रों की संख्या घटती जा रही है। स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाले अधिकतर नेता छात्र जीवन में राजनीति के रास्ते पर चलने लगते थे। आजादी के बाद शुरुआती दौर में देश की कमान संभालने वाले राजनीतिज्ञों की पृष्ठभूमि छात्र संघ के चुनाव की रही है। राजनीति के क्षेत्र से युवाओं के विमुख होने का सबसे बड़ा कारण वृद्ध नेताओं द्वारा अपनी संतान को विरासत के रूप में राजनीति सौंपना रहा है। अनेक नेताओं की तीसरी और चौथी पीढ़ी विधानसभा व संसद में पहुंची है, जबकि नेताओं की संतान का जनहित और राष्ट्रहित में कोई योगदान तथा अनुभव नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने पीढ़ीगत राजनीति खत्म करने की बात कही है। चुनाव में टिकट बड़े नेताओं के परिवार वालों को देने पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी गैर राजनीतिक परिवार के युवाओं को राजनीति में लाना चाहते हैं। अपनी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को दिया है, उनका नाम नहीं लिया, क्योंकि सभी सहयोगियों का उल्लेख करना संभव नहीं है। युवाओं के समर्थन से तीसरी बार नरेन्द्र मोदी सत्तारूढ़ हुए हैं। युवाओं के बिना कोई पार्टी सत्ता में नहीं आ सकती है।

# पीएमसी टीम ने बलियानाले कार्य का निरीक्षण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



पीएमसी टीम ने नैनीताल शहर के अति संवेदनशील बलियानाले के निर्माण कार्य का सोमवार को गहन निरीक्षण किया। यह निरीक्षण नाले के कार्यों की प्रगति को लेकर किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्य योजना के अनुसार चल रहा है और किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान सही तरीके से किया जा रहा है। गौरतलब है कि बलियानाले की सफ ाई और निर्माण कार्य भूस्खलन की रोकथाम और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से किया जा रहा है ताकि क्षेत्र भूस्खलन की समस्याओं से बचा जा सके। इस परियोजना की अहमियत को ध्यान में रखते हुए पीएमसी की टीम समय.समय पर कार्यों का निरीक्षण करती रहती है। तकनीकी विशेषज्ञ बी.डी. पाटनी ने कार्य के निरीक्षण के बाद बताया कि बलियानाले के कार्य संतोषजनक गति से चल रहे हैं। उन्होंने कहा तकनीकी और निर्माण संबंधित चुनौतियाँ सामने आने पर टीम की ओर से समाधान किया जाता है। कार्य की गति अब अच्छी है और हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि समय से पहले यह कार्य पूरा हो सके। पाटनी ने यह भी बताया कि पीएमसी टीम लगातार निर्माण कार्य की निगरानी करती है ताकि किसी भी समस्या का जल्द समाधान किया जा सके और गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। उन्होंने बलियानाला निर्माण कंपनी के साथ अच्छे तालमेल की सराहना की और कहा कि उनकी सक्रिय सहभागिता से कार्य की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रमोद पाठक, सुमित मालवाल और निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे। दूसरी ओर सहायक अभियंता प्रमोद पाठक ने बताया कि बलियानाले के कार्यों में उपयोग की जा रही सामग्री और तकनीक उच्च गुणवत्ता की है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए हम पूरी तरह से सतर्क हैं। हम समय-समय पर योजना और कार्यप्रणाली का पुनः मूल्यांकन करते रहते हैं। टीम ने निरीक्षण के दौरान भविष्य में कार्य की गति और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और कंपनी से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी प्रकार की देरी या अव्यवस्था कार्य के प्रगति में रुकावट न डाले।

## प्रकाश आर्य ने मण्डल अध्यक्ष के निष्कासन की करी मांग

**भवाली।** भाजपा के पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी रहे प्रकाश आर्य ने पार्टी संगठन से मण्डल अध्यक्ष के निष्कासन की मांग की है उनका आरोप है कि निकाय चुनाव में मण्डल अध्यक्ष को टिकट न मिलने पर मण्डल अध्यक्ष ने उनके परिवार और पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ व्यक्तिगत आक्षेप लगाए आर्य ने कहा की पार्टी द्वारा उनका नाम घोषित करने के बाद से ही मण्डल अध्यक्ष ने उनके खिलाफ माहौल खड़ा किया उनके भाई, पत्नी, भतीजे और अन्य समर्पित कार्यकर्ताओं के खिलाफ गलत माहौल तैयार किया और साजिश के तहत पार्टी को नुकसान पहुँचाया आर्य ने आरोप लगाया कि मण्डल अध्यक्ष ने उस बूथ पर पार्टी को हरवाया, जहां वर्षों से भाजपा की जीत हो रही थी। उन्होंने पार्टी संगठन से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर किया जाना चाहिए जो पार्टी की छवि को नुकसान पहुँचाते हैं और आंतरिक मतभेदों को बढ़ावा देते हैं।

# कृषि रक्षा समिति एवं फर्टिलाइजर पेस्टिसाइड एसोसिएशन रुद्रपुर की ओर सदभावना क्रिकेट मैच

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



कृषि रक्षा समिति एवं फर्टिलाइजर पेस्टिसाइड एसोसिएशन रुद्रपुर की ओर सदभावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त करके किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि आज के भागदौड़ और तनाव भरे वातावरण में खेलकूद के लिए समय निकालना आवश्यक है।

ऐसे आयोजनों से जहां आपसी सदभाव बढ़ता है वही तनाव भी दूर होता है। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने में खेलों का अहम योगदान है। अपनी दिनचर्या में शारीरिक व्यायाम या खेलकूद को अवश्य शामिल करना चाहिए। उन्होंने सदभावना मैच के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए बधाई दी। सदभावना मैच के दौरान ठुकराल ने ग्राउंड में बल्ले पर हाथ भी आजमाया। मैत्री मैच में फर्टिलाइजर एसोसिएशन और पेस्टीसाईड एसोसिएशन के बीच खेला गया। पेस्टी साईड एसोसिएशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 154 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी बल्लेबाजी करते हुए फर्जिलाईजर एसोसिएशन की टीम ने 19 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। पूर्व विधायक ने विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानि किया। साथ ही आयोजकों ने पूर्व विधायक को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर फर्टिलाइजर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरमुख सिंह विर्क, पेस्टिसाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नारायण सिंह, आरिफ निहाल, रामगोपाल, पीके गंगवार, अंकित छाबड़ा, त्रिलोकी सिंह, बृजेश, पीके तिवारी, सुंदर राणा, रूप सिंह विर्क, प्रेम गंगवार, रामकुमार गुप्ता, सुमित, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सैफ के जल्दी ठीक होने के सवालों पर भड़कीं बहन सबा पटौदी



*सैफ अली खान की बहन सबा पटौदी अब भाई के जल्दी ठीक होने पर उठे सवालों के जवाब देने और उनका बचाव करने के लिए आगे आई हैं। उन्होंने पोस्ट साझा कर जवाब दिया। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हाल ही में उनके मुंबई स्थित घर पर चोर द्वारा चाकू से हमला किया गया। इस हमले में घायल होने के बाद फैंस को लीलावती अस्पताल में ऑप्रेशन और सर्जरी करानी पड़ी, जिसके बाद वह ठीक होकर घर लौटे हैं। इस बीच उन्हें मामले की जांच में भी सहयोग करना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी ओर उनकी इतनी जल्दी ठीक होने को लेकर उन्हें ट्रोल भी किया जा रहा है, जिस पर अब उनकी बहन सबा पटौदी ने चुप्पी तोड़ी है। सैफ अली खान की बहन सबा पटौदी अब इन संदेहों को दूर करने और अपने भाई के जल्दी स्वस्थ होने का बचाव करने के लिए आगे आई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खबर का स्क्रीनशॉट पोस्ट पोस्ट किया, जिसमें प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक कृष्णमूर्ति ने बताया कि बड़ी सर्जरी के बाद इतनी तेजी से ठीक होना कोई असामान्य बात नहीं है। सबा पटौदी द्वारा साझा की गई पोस्ट में डॉ. कृष्णमूर्ति ने कई घावों के कारण सर्जरी के बाद सैफ अली खान के पांच दिन में ठीक होने पर संदेह को खारिज कर दिया। हृदय रोग विशेषज्ञ ने कहा, %जिन लोगों की हृदय बाईपास सर्जरी हुई है, वे तीसरे या चौथे दिन सीढ़ियां चढ़ते हैं...अपने आप को शिक्षित करें।% उन्होंने अपनी 78 वर्षीय मां की रीढ़ की सर्जरी के बाद चलने का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने दोहराया कि बड़ी सर्जरी के मामलों में जल्दी ठीक होना असामान्य नहीं है।*

# पर्यटन विभाग का सात दिवसीय एडवेंचर फाउंडेशन कोर्स शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में पर्यटन विभाग का सात दिवसीय एडवेंचर फाउंडेशन कोर्स शुरु हो गया है। बता दें कि कोर्स में समीपवर्ती सौड़, पंगोट, बगड़ एवं घुगुखाम के 10 प्रतिभागियों की ओर से प्रतिभाग किया जा रहा है।

प्रतिभागियों में 2 बालिका एवं 8 बालक शामिल हैं। मामले में जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि इन प्रतिभागियों को ट्रेनर्स द्वारा रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, जुम्मारिंग तथा रिवर क्रासिंग, नॉट प्रैक्टिस,ट्रेकिंग करवाई जाएगी साथ ही साहसिक खेलों का सैद्धांतिक तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में इस्तेमाल उपकरण आधुनिक हैं। कहा कि यह प्रशिक्षण स्वरोजगार के लिए बेहद मददगार होगा।



## News कॉर्नर

### गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति के स्वरों गुंजायमान हुआ बीएलएम का प्रांगण

**हल्द्वानी।** बीएलएम एकेडमी में गणतंत्र दिवस उत्सव पर ने प्रधानाचार्या डा गायत्री कंवर ने तिरंगा फहराया ।दीप प्रज्वलन के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बाल कलाकारों द्वारा विभिन्न कठिन योग मुद्राओं के प्रदर्शन से दर्शक मंत्रमुग्ध रह गये। मुख्य आकर्षण नृत्य नाटिका रही।

प्रधानाचार्या डॉ गायत्री कंवर ने आजादी के गुमनाम नायकों के स्वतंत्रता में योगदान ,देश की एकता और अखंडता के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए आज़ादी के सच्चे मूल्यों को समझने व उनकी रक्षा हेतु एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। मौके पर समारोह भी शामिल था, जहां स्वतंत्रता सेनानियों बलिदान को याद करते हुए डा अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई ।

### पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल पहुंची जिला अस्पताल

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद की नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने पालिकाध्यक्ष बनने के बाद जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंची,जहां पर उन्होंने भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना और उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। बता दें कि डॉ. सरस्वती खेतवाल सालों से रोजाना जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जानती हैं। इधर पालिकाध्यक्ष बनने के बाद वह सोमवार को भी राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंची। जहां उन्होंने पहले की तरह ही मरीजों से मिलकर उनका हाल जाना। इस दौरान वह अस्पताल के डाक्टरों व स्टाफ से भी मिली। डॉक्टरों व स्टाफ व मरीजों ने उनको पालिकाध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं भी दी। पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल ने बताया कि वह पहले की तरह ही रोज एक बार अस्पताल आएंगी। यह उनके रोजाना के कार्य में शामिल है और रहेगा।

## यूसीसी लागू होने पर भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री दीपांशु ने दी बधाई



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में समानता और समरसता के नए युग समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने पर हल्द्वानी भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री दीपांशु शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कुशल नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता लागू करने पर देश का प्रथम राज्य बना है। इससे प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी और समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहाँ कि कांग्रेस द्वारा देश आजाद होने के बाद भी वोट बैंक के लालच में आज तक समान नागरिक संहिता को लागू नहीं किया और देश में दो कानून चलते रहें परन्तु अब देवभूमि उत्तराखंड में समान अचार संहिता लागु होने से राष्ट्र हित में बढ़ा कदम होगा और सभी नागरिक एक कानून के तहत सुरक्षित रहेंगे।

## भारी संख्या में मतपत्रों को अवैध पाया जाना गंभीर साजिश का संकेतः ललित जोशी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी ललित जोशी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र भेजकर नगर निगम चुनाव में बड़ी संख्या में अवैध घोषित किए गए मतपत्रों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने पत्र में बताया कि हाल ही में हुए मतदान में कुल 6769 मतपत्रों को अवैध करार दिया गया, जो अब तक के चुनावों में अभूतपूर्व संख्या है। ललित जोशी ने इस घटनाक्रम को गंभीर साजिश का संकेत बताया है और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। ललित जोशी का कहा कि रद्द किए गए मतपत्रों में से अधिकांश पर कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर मत डाले गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के चुनाव चिन्ह के आगे उनके प्रत्याशी का नाम लिखने के कारण इन मतपत्रों को अवैध घोषित किया गया। जबकि मतदाताओं ने स्पष्ट रूप से कांग्रेस के चुनाव चिन्ह के पक्ष में वोट दिया था। इस तरह बड़ी संख्या में कांग्रेस के मतों को रद्द करना, मतगणना प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि इतनी भारी संख्या में मतपत्र रद्द होना सामान्य नहीं है और यह किसी सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है। ललित जोशी ने सवाल उठाया कि क्या यह संभव है कि इतने सारे मतदाताओं ने एक जैसी त्रुटि की हो? उन्होंने इस मामले की गहन जांच की मांग की है ताकि सच सामने आ सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास कायम रहे। ललित जोशी ने यह भी कहा कि इस प्रकार के घटनाक्रम से चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

## नानकमत्ता क्षेत्र में पुलिस से मुठभेड़ में नशा सौदागर गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



जनपद के थाना नानकमत्ता क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में नशे का सौदागर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक के अलावा तमंचा और कारतूस बरामद किया। मुठभेड़ के दौरान तस्कर के दोनों पैर में गोली लगी है।

उपचार को अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा पहुंचे। उन्होंने तस्कर से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पुलिस को ग्राम पसैनी से अक्सर नशा बेचने की सूचनायें मिल रही थी। इस सूचना पर पुलिस टीम गांव पसैनी में गस्त कर रही थी। देर रात करीब 12.30 बजे एक बाईक सवार युवक पुलिस को देखकर जंगल की ओर भागा। पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायर किया। पुलिस की जवाबी फायर में उसके दोनों पैरों पर गोली लगी। पुलिस उसे उठा कर अस्पताल लेकर पहुंची। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम कुलविंदर सिंह उर्फ किन्दु निवासी पसैनी नानकमत्ता बताया। सूचना पर एसएसपी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने उससे पूछताछ की तो उसने बताया वह ग्राम बिसोटा और आसपास के गांव से ओर बहेड़ी से स्मैक खरीद कर बेचता है। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा,4 कारतूस और 140 ग्राम से अधिक स्मैक बरामद की। बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 5 लाख से अधिक आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक कुलविंदर पूर्व में स्मैक तस्करी और वन तस्करी में भी कई बार जेल जा चुका है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

**मुठभेड़**

● जवाबी कार्यवाही में तस्कर के दोनों पैर में लगी गोली

## नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर पैचिंग कार्य की शुरुआत की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

एडीबी की ओर से नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर महत्वपूर्ण पैचिंग कार्य की शुरुआत की गई है।

बता दें कि यह कार्य रुसी बाईपास से लेकर हनुमानगढ़ी तक किया जाएगा, जहां लंबे समय से सड़क पर गहरे गड्ढे बने हुए थे जिनकी वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया ने बताया कि पैचिंग वर्क का उद्देश्य सड़क की सतह को बेहतर बनाना है ताकि आने.जाने वाले वाहन चालकों को सुरक्षित और आराम दायक यात्रा मिल सके। गड्ढों से भरी इस सडक़ पर पैचिंग कार्य की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वाहनों के संचालन में बड़ी राहत मिलने की संभावना है। पैचिंग कार्य के दौरान यातायात को नियंत्रित करने के लिए वाहन चालकों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और निर्धारित मार्गों का पालन करें। यह कार्य स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए एक राहत का संकेत है जो लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे थे।



## आयोजन : सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अन्तर्विद्यालयी चैस प्रतियोगिता

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पब्लिक स्कूल एसोसिएशन हल्द्वानी द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न अन्तर्विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं के क्रम में सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी द्वारा अन्तर्विद्यालयी चैस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानचार्य ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस खेल आयोजन में हल्द्वानी व आस-पास के करीब 24 स्कूल प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 190 छात्र छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। खेल प्रभारी सुंदर सिंह कपकोटी ने बताया कि इस चेस प्रतियोगिता का आयोजन सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्रीरा लामाचौड में किया जा रहा है, प्रतियोगिता जूनियर व सब जूनियर दो वर्गों में आयोजित की जाएगी और इसमें कक्षा एल के जी से कक्षा 8 तक पढ़ रहे छात्र-छात्रा भाग ले रहे हैं ।

आयोजन समिति के अध्यक्ष नीरज साह ने बताया कि सभी मैच स्विज पद्धति में खेले जायेंगे और चेस प्रशिक्षक जुबेर, किसन तिवारी के द्वारा निर्णायक की भूमिका निभायी जायेगी। आल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्णायकों की टीम की देख रेख में खेल प्रतियोगिता करायी जाएगी और उनके निर्णायकों द्वारा विजेताओं को परखा जायेगा । इस खेल आयोजन को अभिभावक ऑनलाइन माध्यम से इस आयोजन को देख सकेंगे । दोनों ही वर्गों में विजेता, उप विजेता, सेकेण्ड रनर अप, उभरता खिलाडी तथा सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का पुरस्कार दिया जायेगा । इस अवसर पर सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निर्देशक कात्यायन रौतेला , पुष्कर सिंह राजपूत, ललित लमकोटी उपस्थित थे ।




## यूसीसी लागू होने पर कुमाऊं विवि में खुशी जताई

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड विश्वविधालय शिक्षक संघ (यूटा) की ओर से उत्तराखंड सरकार द्वारा यूनिफ र्म सिविल कोड (यूसीसी) के कार्यान्वयन पर खुशी जताई गयी है।

दोनों संगठनों ने कहा है कि उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी के कार्यान्वयन के माध्यम से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जो राज्य में नागरिकों के लिए एक समान और न्यायपूर्ण कानूनी प्रणाली स्थापित करने के लिए उठाया गया है।

## महादेव कॉलेज ऑफ फार्मेसी, योग में ध्वजारोहण कार्यक्रम

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गणतंत्र दिवस के अवसर पर महादेव कॉलेज ऑफ फार्मेसी, योग में ध्वजारोहण के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ . प्रकाश चंद्र उपाध्याय (विश्व रिकॉर्ड होल्डर) एवं उत्तराखंड कॉमेडी किंग जीवन सिंह दानू और अन्य गणमान्य व्यक्ति यों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा देशभक्ति और राष्ट्र के विकास के लिए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए इसमें डांस ग्रुप डी के म्यूजिकल ग्रुप, डायरेक्टर अभय उपाध्याय द्वारा प्रस्तुति दी गई,कलाकार राधिका जोशो, शुभम सिंह ,नेहा दास, मनीषा पानेरू, भूमिका बिष्ट और निकिता आर्य द्वारा कार्यकम प्रस्तुत किए गए। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. योगेश बड़सीलिया एवं डा .सियाराम साहू जी की उपस्थिति में महादेव कॉलेज आफ फार्मेसी ,योग पर गणतंत्र दिवस का सफल आयोजन किया गया।



## ग्राफिक एरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान परिसर निदेशक प्रो.कर्नल अनिल कुमार नायर (से0नि) द्वारा झण्डारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान से विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा। परिसर निदेशक द्वारा एनसीसी कैडेटों का निरीक्षण किया गया। इस उपलक्ष्य पर उन्होंने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुये देश की आजादी में अमूल्य योगदान देने वाले शहीदों के बलिदान को याद किया, एवं देश की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। अपने सम्बोधन में परिसर निदेशक द्वारा हमारे संविधान, राष्ट्रीय प्रगति और व्यक्तिगत जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संविधान के मौलिक सिद्धान्तों, संप्रभुता, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और गणतंत्र के अर्थ और महत्व को विस्तार से बताया। साथ ही हमारे संविधान, राष्ट्रीय प्रगति और मूलभूत कर्तव्यों के महत्व पर जोर दिया एवं ग्राफिक एरा की उपलब्धियों के बारे बताया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेटों द्वारा परेड एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये जिसमें कसक प्रसाद, नेहा जोशी आंचल फुलारा हनुमन्त तनीषा भट्ट व तनय लोहनी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रतिभा जोशी एवं भूमिका नयाल ने देशभक्ति से सम्बन्धित भाषण दिये। दिवस तिवारी सहायक प्राध्यापक पीडीपी विभाग द्वारा प्रस्तुत मनमोहक गीत ने सभी दिलों को देशभक्ति की गहरी भावना से छू लिया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ग्राफिक एरा डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, देहरादून बीके कौल ने अपने भाषण में राष्ट्रनिर्माण में प्रत्येक नागरिक के मूलभूत कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए देश एवं विश्वविद्यालय की प्रगति में योगदान के लिए कार्य करने को कहा। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन आरुष यादव, सौम्या चोपड़ा, आशीष अलमियां विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

